FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्याः–222/2025 (2025/526)

प्रार्थी

मानाराम के का. मु. मदनलाल वगैरा बनाम अप्रार्थी नरसिंगराम के वारिसान ओमप्रकाश वगैरा

किस्म मुकदमा– प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 9 सीपीसी सपठित धारा 151 सीपीसी

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12.01.2026	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर विस्तार से सुना गया तथा राजस्व अपील संख्या 10/2015 अनवान मानाराम बनाम नरसिंगराम के वारिसान ओमप्रकाश वगैरा अपील अन्तर्गत धारा 75 भू राजस्व अधिनियम निर्णय दिनांक 13.08.2024 को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खाजिर हो गई। जिसे प्रार्थी मनसुख कराकर पुनः राजस्व अपील को गुणावगुण पर निर्णय करवाना चाहते है। अप्रार्थीगण को भेजे गये नोटिस की रजिस्टर ऐडी की रशीदे पेश की जो शामिल मिसल किया गया है। प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 9 सपठित धारा 151 सीपीसी स्वीकार किया जाता है। तथा राजस्व अपील संख्या 10/2015 अनवान मानाराम बनाम नरसिंगराम के वारिसान ओमप्रकाश वगैरा अपील अन्तर्गत धारा 75 भू राजस्व अधिनियम निर्णय दिनांक 13.08.2024 को पुनः बराबद किया जाकर दर्ज रजिस्टर किया जावे। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हों। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	